# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/8676/2025 दिनांकः 14 अगस्त, 2025

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–अपूर्ण घोषित परीक्षाफल को संशोधित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि हाल ही में विश्वविद्यालयीय सम सेमेस्टर परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षाफल घोषित किये गये हैं, जिसमें **कतिपय विद्यार्थियों के अंक पत्रों पर INC अंकित** होने के कारण परीक्षाफल अपूर्ण घोषित है।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुक्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थान के उक्त परीक्षार्थियों से **सम्बन्धित उपस्थिति/अनुपस्थिति पत्रक एवं अन्य परीक्षा सम्बन्धित प्रपत्र** विश्वविद्यालय को **प्रत्येक दशा में दिनांकः 31 अगस्त, 2025** तक उपलब्ध कराते हुए **सम्बन्धित अपूर्ण परीक्षाफल को पूर्ण कराना** सुनिश्चित करें। उक्त तिथि तक उपस्थिति/अनुपस्थिति पत्रक एवं अन्य परीक्षा सम्बन्धित प्रपत्र न उपलब्ध कराये जाने की दशा में **सम्बन्धित महाविद्यालय के परीक्षार्थी का परीक्षाफल INC के स्थान पर अनुपस्थित (AB) करते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।**

भवदीय

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव